# साप्ताहिक महाराष्ट्र विजय

संपादक :- विजय रमेश कुचे (मो.9850299692/9175156811) RNI NO MAHMAR/2023/88106

कार्यालय :- वार्ड क्रं १. १२. नं शाळेजवळ मिलन नगर नायगाव अकोला

## बाबासाहेब धाबेकर विद्यालय में सायबर सुरक्षा जनजागरण कार्यशाला



### बार्शीटाकळी प्रतिनिधी :- अब्दुल रफिक

बार्शिटाकली शहर में स्थित बाबासाहेब धाबेकर विद्यालय में मंगलवार 12 अगस्त को विद्यार्थियों के लिए सायबर सुरक्षा जनजागरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान करते हुए मोबाइल फोन के सही और सुरक्षित उपयोग के लिए उन्हें शपथ दिलाई गई। यह कार्यशाला शंकरलाल खंडेलवाल महाविद्यालय अकोला के प्राचार्य डॉ. जे. एम. साबू और समन्वयक डॉ. दीप्ती पेटकर के सहयोग से आयोजित की गई। विद्यालय के मुख्याध्यापक गजेंद्र काळे ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में जिम्मेदार डिजिटल आदतें विकसित करने में सहायक होते हैं। कार्यशाला में डिजिटल युग में होने वाले विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को जागरूक रहने के तरीके बताए गए कार्यक्रम में शंकरलाल खंडेलवाल महाविद्यालय की सायबर वॉरियर्स अदिति जनोरकर और तनुजा घोगरे ने सोशल मीडिया का सही उपयोग, व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा, फर्जी संदेश पहचानना और ऑनलाइन सुरक्षित रहने के महत्व पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया।